कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-05.11.2024

विषयः- दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त नीरज कुमार को थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व मे थाना शिवपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0460/2024 धारा 115(2)/351(2)/74/64(1) बी0एन0एस0 व ¾ पॉक्सो एक्ट थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त नीरज कुमार पुत्र पप्पू निवासी कोईरान चमांव थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी को आज दिनांक-05.11.2024 को समय करीब 10.35 बजे जे0आर0सी0 भट्टा के पास तरना थाना शिवपुर वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-06.10.2024 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि प्रतिवादी नीरज पुत्र पप्पू कई महीनों से वादी मुकदमा/प्रार्थी की बेटी को स्कूल से घर आते-जाते समय उसके साथ छेड़-छाड़ किया करता था। वादी मुकदमा/प्रार्थी की बेटी ने जब उन लोगों को बताया तो उन्होंने प्रतिवादी नीरज के घर पर शिकायत किया था लेकिन वह नहीं माना और अगले दिन जब खेत पर वादी मुकदमा/प्रार्थी की बेटी गयी तभी वहाँ प्रतिवादी नीरज आकर उसके साथ छेड़-छाड़ करने लगा और वह उसको जबरदस्ती खेत में रुकने को कह रहा था, तब उनकी बेटी ने वादी मुकदमा/प्रार्थी को बताया तो वह प्रतिवादी नीरज के घर पर शिकायत करने जा रहा थे तभी प्रतिवादी नीरज ने लाठी व ईंट से मार कर वादी मुकदमा/प्रार्थी का और उनके बेटे का सिर फोड़ दिया तथा धमकी दिया की अगर कही भी थाने पर शिकायत करोगे तो जान से मार देंगे, जिसके आधार पर थाना शिवपुर में मु0अ0सं0-0460/2024 धारा 74,115(2),351(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुकदमा उपरोक्त में धारा 64(1) बी0एन0एस0 व ¾ पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी, जिसकी विवेचना उ0नि0 अमित कुमार मिश्रा द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

नीरज कुमार पुत्र पप्पू निवासी कोईरान चमांव थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 19 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-

जे0आर0सी0 भट्टा के पास तरना थाना शिवपुर वाराणसी से, दिनांक-05.11.2024 को समय करीब 10.35 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-0460/2024 धारा 115(2)/351(2)/74/64(1) बी0एन0एस0 व ¾ पॉक्सो एक्ट थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0प्र0 अमित कुमार मिश्रा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- का0 बलराम वर्मा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त

वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।